अध्याय XII: ऊर्जा मंत्रालय

एनटीपीसी लिमिटेड

12.1 अनुबन्धों में संशोधनों के कारण अतिरिक्त व्यय

कम्पनी ने अनुबन्धों में संशोधन द्वारा ठेकेदारों को अनुचित लाभ दिया जिसके परिणास्वरूप वास्तविक अनुबंध अवधि में पहले से हुई विदेशी माल की आपूर्ति के लिए पूर्वव्यापी कीमत वृद्धिपर यूएस $ 3.51 मिलियन की देयता के साथ ₹ 142.33 करोड़ का अतिरिक्त व्यय हुआ।

एनटीपीसी लिमिटेड (कम्पनी) ने मै. एफजीयूपी 'वीओ' टेक्नोप्रोमेक्सपोर्ट, रूस (टीपीई को भार सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (बीएसटीपीसी) स्टेज I (3 यूनिट x660 मेवा) पर स्टीम जेनरेटर और मुख्य संयंत्र पैकेज के सहायको (भाग-क) की आपूर्ति निर्माण और संस्थापन के लिए ₹ 2066 करोड़ [1] के बराबर के कुल मूल्य पर तीन पृथक ठेके दिए (मार्च 2005)। इसी प्रकार, मैं. पावर मशीन[2] (पीएम) को स्टीम टरबाईन जेनरेटर और मुख्य संयंत्र पैकेज (भाग ख) के सहायकों की आपूर्ति, निर्माण और संस्थापन के लिए ₹ 1192.87 करोड़[3] की कुल संविदा मूल्य के बराबार तीन अलग ठेके दिए। बीएसटीपीपी की उपरोक्त यूनिटों को चालू करने के लिए करारों में दी गई पूर्णता तिथियां जनवरी 2009 (यूनिट I) जुलाई 2009 (यूनिट 2) और जनवरी 2010 (यूनिट 3) थी। करारों में विदेशी और स्वदेशी माल दोनों के लिए उसके संविदात्मक मूल्य के 20 प्रतिशत की सीमाके अध्यधीन कीमत वृद्धि अनुबंद्ध थी।

इसी बीच टीपीई ने कम्पनी को अपनी कानूनी स्थिति में बदलाव के बारे में सूचित किया (मार्च 2006) और तदनुसार, टीपीई के साथ करार में संशोधन किया गया था (अप्रैल 2007)। टीपीई ने कम्पनी द्वारा टीपीई की कानूनी स्थिति में परिवर्तन स्वीकार करने में विलम्ब के कारण कम्पनी को संविदात्मक सुपुर्दगी कार्यक्रम के विस्तारण और 20

[1] *यूएस $ ₹45.55 के अनुसार*

[2] *पावर मशीन जेडटीएल, एलएमजेड, इलैक्ट्रोसिला एनरगोमेक्स्पोर्ट, रूस और उसके हस्तांतरिती मै. एनएमजेड एर्जीजी (इंडिया) लि. नई दिल्ली*

[3] *@ यूएस $ 45.45 के अनुसार*

प्रतिशत के मूल्य परिवर्तन को हटाने के लिए सम्पर्क किया (जनवरी 2007 से)। मै. पीएम ने भी कम्पनी को माल की लागत में मुद्रस्फीति की प्रवृत्तियों और प्रतिकूल विनिमय दरों के आधार पर इसी प्रकार का अनुरोध किया (अक्टूबर 2007 से आगे)।

चूंकि टीपीई ने समय विस्तारण मूल्य परिवर्तन पर 20 प्रतिशत की सीमा हटाने और कार्य निष्पादन से संबंधित मुद्दे उठाएथे, कम्पनी ने ऊर्जा मंत्रालय (एमओपी) से अनुमति मांगी (सितम्बर 2009) संविदात्मक प्रावधानों के उल्लंघन और निदेशक बोर्ड (नवम्बर 2009) द्वारा अनुवर्ती अनुसमर्थन के पास टीपीई की लागत और खर्च पर संविदा को पूरा करने के आधार पर करार रद्द करने की अनुमति मांगी।

एमओपी ने कम्पनी को टीपीई के साथ करार समाप्त न करने और वर्ष 2005 से 20 प्रतिशत की मूल्य भिन्नता सीमा को हटाने के द्वारा पूर्णता कार्यक्रम को संशोधित करने के निर्देश दिए (मई 2010)। तदनुसार, कम्पनी ने टीपीईके साथ 20 प्रतिशत कीमत भिन्नता सीमा को हटाकर पूर्वव्यापी रूप से विदेशी माल की आपूर्ति और पूर्णता कार्यक्रम को भी 55 महीने, अगस्त 2013 (यूनिट I), फरवरी 2014 (यूनिट 2) और अगस्त 2014 (यूनिट 3) तक विस्तरित कर करार को संशोधित किया (अक्तूबर 2010)। इसी प्रकार, टीपीई के साथ संशोधित कार्यक्रम को पूरा करने के लिए मै. पीएम के साथ भी करार को पूर्वव्यापी रूप से उपरोक्त कीमत भिन्नता हटा कर (मार्च 2011) और पूर्णता कार्यक्रम को 57 महीने से अक्तूबर 2013 (यूनिट I), अप्रैल 2014 (यूनिट 2) और अक्तूबर 2014 (यूनिट 3) तक विस्तरित किया गया। इन संशोधनों के परिणामस्वरूप यूएस $ 35.04 मिलियन[1] अतिरिक्त देयता हुई, जिसमें से यूएस $ 31.53 मिलियन[2] (₹ 142.33[3] करोड़) वास्तविक संविदात्मक अवधि में पहले से आपूर्ति किए गए विदेशी माल के संबंध में भुगतान किया गया था (जनवरी 2009)।

कम्पनी ने कहा (जनवरी 2013) कि 20 प्रतिशत की कीमत भिन्न्ता सीमा को हटाने की निर्णय कम्पनी टीपीई और एमओपी के बीच हुई चर्चा (मार्च 2010) में एमओपी के निर्णय के अनुरूप लिया गया था। कम्पनी के विचारों की पुष्टि करते हुए (अप्रैल 2013)

---

[1] ***टीपीई-28.38 मिलियन यूएस $ और पीएम-6.66 मिलियम यूएस $***

[2] ***टीपीई-25.54 मिलियन यूएस $ और पीएम-5.99 मिलियम यूएस $***

[3] ***टीपीई-₹ 115.53 करोड़ और पीएम-₹ 26.80 करोड़***

एमओपी ने आगे कहा कि कम्पनी ने बाद मे सभी भविष्य के पैकेजों के लिए बोली दस्तावेजों मे कीमत भिन्नता हटाने का निर्णय लिया (नवम्बर 2010)।

उत्तर इस तथ्य के प्रति देखने की आवश्यकता है कि ठेकेदारों को वास्तविक संविदात्मक पूर्णता अवधि के बीच पहले से आपूर्ति किए गए माल के लिए अनियमित रूप से भुगतान किया जा रहा था जबकि कीमत भिन्नता सीमा को पूर्वव्यापी रूप से हटा दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों को अनुचित लाभ मिला। यह समान स्तर पर कार्य की अस्वीकृति थी क्योंकि कीमत भिन्नता के प्रतिबंध एक महत्वपूर्ण मानदण्ड को हटाने से टीपीई और पीएम को पश्च संविदात्मक लाभ दिया गया।

इस प्रकार वास्तविक संविदात्मक अवधि (जनवरी 2009) में पहले से आपूर्ति किए गए विदेशी माल के संबंध में संशोधित करारों में मूल्य भिन्नता खण्ड को हटाना (अक्तूबर 2010 और मार्च 2011 अनियमित था, जिसके लिए कम्पनी को यूएस $ 35.04 मिलियन की अतिरिक्त देयता वहन करनी पड़ी (31.53 मिलियन यूएस $ ₹ 142.33 करोड़ के बराबर का भुगतान किया और 3.51 मिलियन यूएस $ को निष्पादन गारंटी के लिए रखा गया)।